## ➢ ब्रह्माकुमारीज् में मनाया बच्चों ने खुशियों का उत्सव

**भिलाई नगर, 13 नवम्बर 2016 :-** डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने आज यहां खास मुक बधिर बच्चों से दोस्ती करने और उनसे खेलने के लिए खास उनकी भाषा सीखी। जैसे कि गुडमार्निंग, सॉरी, हम आपके दोस्त है, दिल से शुक्रिया, फिर मिलेंगे। बाल दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज् के पीस ऑडिटोरियम् सड़क-2 सेक्टर-7, भिलाई में प्रयास स्कूल के बच्चें और डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने खुशियों का उत्सव मनाया। जिसमें बच्चों के साथ उनके पालकगण एवं ब्रह्माकुमारी बहनें उपस्थित थी।

भिलाई सेवाकेन्द्र संचालिका एवं इस कार्यक्रम की प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि मौन और मन की भाषा बहुत प्रभावशाली है। जब भी हम आगे बढ़ते है या अच्छा कार्य करते है तो विरोध बाधायें डालने वाले बहुत होते है। आम जीवन तो पशु पक्षी सहित सभी जी लेते है। लेकिन मेरा जीवन विश्व को खुशी देने और मूल्यवान बनाने के लिये  हो। जीवन में वैभव, साधन एवं संपत्ति सब है। जीवन में खुशी नहीं है, तो कुछ भी नहीं है। मनुष्य जीवन एक वरदान है न कि अभिशाप। इस जीवन मं कहां तक पहुंच सकते है, कितना सफल बना सकते है, यह हम पर ही निर्भर है। कभी-कभी मन में थकान और हताशा क विचार आते है पर यदि हमने राजयोग का अभ्यास किया है तो हमें शान्ति, प्रेम, आनंद की प्राप्ति होगी क्योंकि परमात्मा इन सब गुणों का सागर है। परमात्मा से सब संबंध जोड़ो तो जीवन में गुणों और शक्तियों की प्राप्ति होती है। सुख के सागर के बच्चों को किसी को दु:ख नहीं देना है। सबको सुख देना है यह पक्का करो। एक दो को खुशी प्यार और सम्मान देना है। तो हमें देख भगवान बहुत खुश होंगे। छोटी सी जिंदगी है इसलिये हमें हर बात में खुश रहना है।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता के पूर्व विभागाध्यक्ष कमल दीक्षित जी ने कहा कि गुण और शक्तियां हमें बच्चों से ही प्राप्त होती है क्योंकि इनमें ग्रहण करने की क्षमता अधिक होती है। कई विद्वानों ने कहा है कि हमनें बच्चों से ही कई गुण सीखें है। बच्चों को कुछ देखते ही अपने में उतारने की अद्भूत क्षमता है। आज मैं आप बच्चों के साथ डांस करते हुए अपने बचपन में  लौटा हूं। पहली बार मैं अपने आप का भूल कर आप जैसा बन गया हूं। ये आपकी ही शक्ति है। प्रयास स्कूल के प्राचार्य श्री राजेश पाण्डे जी ने कहा कि मैं इन बच्चों के साथ 20 वर्षों से हूं। लेकिन बच्चों को परमात्मा के नजदीक लाने के लिए तथा दिव्यांग बच्चों को साधारण बच्चों के समकक्ष लाने का यह अद्भूत प्रयास के लिये ब्रह्माकुमारी बहनों को मैं ऐसे सफल कार्यक्रम के लिये धन्यवाद देता हूं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गणेश वंदना द्वारा आशा और मीना ने और छत्तीसगढी नृत्य प्रस्तुत किया। पीस ऑडिटोरियम भावनाओं से सराबोर हो गया जब डिवाइन ग्रुप और प्रयास स्कूल के बच्चों ने स्वयं अपने हाथों से बनाये ग्रीटिंग कार्ड एक दूसरे को दिये । कार्यक्रम के अंतर्गत कुर्सी दौड़, वैल्यु गेम्स आदि खेले गये। विभिन्न खेलों में विजयी सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी बच्चों एवं बड़ो द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम समाप्त किया गया । कार्यक्रम का सुंदर संचालन ब्रह्माकुमारी तारिका ने किया। इस अवसर पर प्रयास स्कूल की ट्रस्टी श्रीमती गायत्री अग्रवाल भी उपस्थित थी।